सार-समाचार

31 विद्यालयों का किया लोकार्पण

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर ब्लॉक के 31 नवक्रमोन्नत विद्यालयों का वल्लभनगर विधायक प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत ने संग्रामपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान करणसिंह कोठारी, सालेड़ा सरपंच सूरजमल मेनारिया, भीण्डर ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज मीणा, वल्लभनगर ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश मेनारिया, वल्लभनगर युथ अध्यक्ष गोपाल जाट, सीबीईओ महेन्द्र कुमार जैन सहित विभिन्न विद्यालयों के संस्था प्रधान आदि थे। विधायक प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कांठोस सरकार ने बेहतर कार्य करते हुए वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र में कई विद्यालयों को क्रमोन्नत किया हैं तो भीण्डर, वल्लभनगर व कुराबड़ में सरकारी कॉलेज खोलकर उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विद्यालयों में नवीन कक्षाकक्ष, विभिन्न संकाय, खेल मैदान, कम्प्यूटर लैब सहित विभिन्न प्रकार के कार्य गहलोत सरकार ने करवाएं है। गहलोत सरकार के विकास कार्यों से प्रदेश में पुन: कांग्रेस सरकार बनना तय है। लेकिन केन्द्र सरकार प्रदेश की कांठोस सरकार को सत्ता से दखल करने के लिए कई हत्थकण्डे अपना सकती है। अभी सुनने में आया कि केन्द्र सरकार प्रदेश में आचार संहिता लगाकर एक वर्ष तक चुनाव नहीं करवायेगी, ताकि लोगों के बीच गहलोत सरकार का बढ़ता वर्चस्व खत्म किया जा सके। लेकिन प्रदेश की जनता जाग चूकी हैं और प्रदेश में कांठोस की सरकार बनेंगी और वल्लभनगर में भी कांठोस का ही विधायक बनेगा। इस अवसर मोतिदा मण्डल अध्यक्ष भंवरसिंह शक्तावत, लूणदा मण्डल अध्यक्ष वालुराम गायरी, हींता मण्डल अध्यक्ष संपतलाल सुथार, किशनलाल धाकड़ सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

सावन भादो मनोरथ आज

राजसमंद, (निसं)। श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के श्री द्वारकाधीश मंदिर में शुक्रवार को सावन भादो मनोरथ आयोजित किया जाएगा। द्वारकाधीश मंदिर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि हर वर्ष ग्रीष्म ऋतु में प्रभु द्वारकाधीश को ठंडक का एहसास करवाने के उद्देश्य से उक्त मनोरथ आयोजित किया जाता है। इस मनोरथ के तहत द्वारकाधीश मंदिर के कमल चौक से पूरे निज मंदिर तक पानी की पाइप लाइन लगती है। जिससे निरंतर जल वर्षा होती रहती है जो कि आने वाले श्रद्धालुओं पर गिरती है और उन्हें अद्भुत एहसास होता है। इन दर्शनों को करने का इंतजार भक्तों को हमेशा रहता है और इस बार यह दर्शन 26 मई, शुक्रवार को करवाए जाएंगे। विज्ञप्ति में बताया कि यह दर्शन शाम 7.०० बजे खुलेंगे। जिसमें प्रभु द्वारकाधीश को निज मंदिर से बाहर रतन चौक में फूलों से बनी एक विशेष छतरी में विराजित किया जाएगा। जिसमें चारों तरफ से जल वर्षा होगी साथ ही जितने भी श्रद्धालु द्वारकाधीश मंदिर में इन दर्शनों को करने के लिए आएंगे वह सभी भी पानी से भीगते हुए ही दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। ठाकुरजी को विशेष फूलों का श्रृंगार भी धराया जाएगा।

सांवलिया सेठ के दर्शन किये

मंडफिया, (निसं)। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग व सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण बोर्ड के मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंडफिया पहुंचकर भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए। कैबिनेट मंत्री पटेल को मंदिर पुजारी ने तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। इस मौके पर मंदिर के पूर्व प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने मंत्री पटेल को उपरना ओढ़ाकर एवं प्रसाद भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। दर्शन पश्चात कैबिनेट मंत्री पटेल एवं कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर एवं गार्डन का अवलोकन किया। इस मौके पर भदेसर तहसीलदार गुणवंत लाल माली, मंदिर के पूर्व प्रभारी राजेंद्र शर्मा, भेंट कक्ष के गजेंद्र गौड़ आदि उपस्थित थे।

सीसी रोड का कार्य शुरू

मंडफिया, (निसं)। अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल पर अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज के चातुर्मास को लेकर आक्या ठाम पंचायत ने सीसी रोड का कार्य शुरू कर दिया हैं। सर्व समाज सनातन चातुर्मास सेवा समिति की ओर से बताया कि भदेसर पंचायत समिति प्रधान सुशीला कुंवर की अनुशंसा पर आक्या ठाम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह चौहान ने चातुर्मास आयोजन स्थल पर 10 लाख से निर्मित होने वाले सीसी रोड का कार्य शुरू कर दिया है। सीसी निर्माण के बाद चातुर्मास में लोगों को यहां सुविधा मिल सकेगी। इधर चातुर्मास स्थल पर संतों की कुटिया का निर्माण कार्य काफी प्रगति पर है। दाता हुकम की मुख्य कुटिया का कार्य भी काफी प्रगति से चल रहा है साथ ही सहयोग राशि तथा धन संठाह भी गांव-गांव में हो रहा है। गाडरी समाज के प्रतिनिधि गांव-गांव में जाकर लोगों को चातुर्मास के दौरान सेवा देने के लिए स्वयंसेवक भी तैयार कर रहे हैं।

दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

मावली, (निसं)। श्री मेढ़ क्षित्रय स्वर्णकार समाज मावली वल्लभनगर देहात के पहली बार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27 मई से इटाली गांव में आयोजित होगी।मावली वल्लभनगर देहात के वरिष्ठ व युवा अध्यक्ष ऊकार लाल सोलिवाल व मुकेश सोनी ने बताया कि स्वर्णकार समाज की क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मेवाड़ क्षेत्र में पहली बार दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा उसमे उदयपुर, फतहनगर, इटाली,छोटी सादड़ी,बड़ीसादड़ी, कानोड़,चितौड़, अमर पूरा,डबोक की टीमें भाग लेंगी।

'शिविरों में सुगमता के साथ लोगों को योजनाओं का मिल रहा लाभ'

बांसवाड़ा, (निसं)। आनन्दपुरी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत कानेला के राउमावि प्रांगण में प्रशासन गांवों के संग अभियान एवं महंगाई राहत शिविर का केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के फायदों के बारे में जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं के गारण्टी कार्ड भी प्रदान किये।

उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से संवेदनशील और जवाबदेह सरकार

■ **जिला कलेक्टर ने कटुम्बी शिविर का किया अवलोकन**

की मंशा साकार रुप ले रही और शिविरों में सहज वातावरण में सुगमता के साथ आमजन को योजनाओं का लाभ मिल रहा है जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं और विकास की गति को रफ्तार दे। मालवीया ने शिविर में स्काउट गाईड की बालिकाओं के सेवाभाव के साथ सेवा देने पर सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उपखंड अधिकारी दिनेश धाकड ने प्रशासन गांवों के संग अभियान में सम्मिलित 23 विभागों के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को अपने विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी।

केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने कानेला के राउमावि परिसर में महंगाई राहत शिविर में लाभार्थियों को गारंटी कार्ड प्रदान किये।

शिविर में आने वाले पात्र लोगो का पंजीयन कर उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिला कलक्टर प्रकाश चन्द्र शर्मा ने छोटी सरवन पंचायत समिति के ग्राम पंचायत कटुम्बी में आयोजित मंहगाई राहत कैम्प व प्रशासन गांवों के संग शिविर का अवलोकन करते हुए शिविर में लोक कलाकारो के आवेदकों से बात कर जानकारी ली एवं उडान योजना का वितरण रजिस्टर का निरीक्षण कर सीडीपीओं व शिक्षाविभाग के पीईओं को निर्देश दिए।

कलक्टर शर्मा ने शिविर में महंगाई राहत से वंचित परिवार के सर्वे रजिस्टर की भी जांच की और अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में पंजीयन कार्यो को देखा और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक पंजीयन करवाकर लाभ दे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शिविर की उपलब्धियों के बारे में जानकारी लेते हुए लाभार्थियों से संवाद कर फीडबेक लिया।

शिविर के अवलोकन के दौराना कलेक्टर ने विभागवार किये जा रहें कार्यो की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से कहा कि वे लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में आने वाले लोगो को दे। इस दौरान कलक्टर ने इंदिरा रसोई के लिए चिन्हित भवन का भी निरिक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

जागरूकता महारैली निकाली

बांसवाड़ा, (निसं)। तंबाकू मुक्त राजस्थान-तंबाकू मुक्त बांसवाडा का संदेश आमजन तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता महारैली निकाली गई वहीं हाथो-हाथ कार्यवाही करते हुए दुकानदारों के चालान काटते हुए समझाईशकी गयी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार एवं पीएमओ डॉ खुशपाल सिंह ने महात्मा गांधी अस्पताल परिसर में हरी झंडी दिखाकर महारैली को रवाना किया। इस दौरान नर्सिंग छात्र-छात्राएं, आशा व अन्य स्वास्थ्यकर्मी ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए व तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर जानकारी दी। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राहुल डिंडोर ने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता हैआमजन को तंबाकू से दूर रहना

तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को तंबाकू मुक्ति का संदेश देने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आ ान किया। रैली के दौरान मुख्य उप नियंत्रक डॉ डीके गोयल, नर्सिंग अधीक्षक दीपक भट्ट, डिपीएम ललित सिंह झाला, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ वनिता त्रिवेदी, आईईसी सीओ, एफसीएलओ श्रवण सैनी, सहित नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधक और स्टाफ मौजूद रहा।

आज यहां लगेंगे महंगाई राहत कैंप

डूंगरपुर, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमेन्द्र नागर ने बताया कि 26 मई, शुक्रवार को पंचायत समिति डूंगरपुर की ग्राम पंचायत छेला खेरवाडा व देवलखास, पंचायत समिति सागवाडा की ग्राम पंचायत करियाणा व झांखरी, पंचायत समिति आसपुर की ग्राम पंचायत इन्दौडा, पंचायत समिति सीमलवाडा की ग्राम पंचायत रामसौर जुना, पंचायत समिति बिछीवाडा की ग्राम पंचायत बिछीवाडा, पंचायत समिति साबला की ग्राम पंचायत नांदली अहाडा, पंचायत समिति गलियाकोट की ग्राम पंचायत गडा जसराजपुर, पंचायत समिति दोवडा की ग्राम पंचायत कोलखण्डा खास एवं पंचायत समिति झौंथरी की ग्राम पंचायत डोल कुंजेला व चौकी में अस्थायी महंगाई राहत कैंप आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक के उपरांत भाजपा की जिला कार्यसमिति की बैठक गुरूवार को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया की अध्यक्षता,मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज मीणा, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, जिला संगठन प्रभारी कमलेश पुरोहित, सांसद कनकमल कटारा, पूर्व राज्यसभा सांसद महाराज कुंवर हर्षवर्धनसिंह, प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ प्रमोद सामर, झाडोल विधायक बाबुलाल खराडी, विधायक गोपीचन्द मीणा, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार, बेलजी पटेल, सभापति अमृतलाल कलासुआ, सीसीबी अध्यक्ष बद्रीनारायण शर्मा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदर्शन जैन, पूर्व जिला प्रमुख माधवलाल वरहात, जिला महामंत्री, प्रधान, विधानसभा प्रभारी थे।

प्रभु पंडया मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महासंपर्क अभियान का आगाज किया गया है। इस बैठक में अलग अलग विषयों पर बेठक आयोजित की जा रही है। राजस्थान में

भाजपा कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई।

तीन बार मुख्यमंत्री रहे भैरवसिंह शेखावत की शताब्दी वर्ष मना रहे है। मोदी सरकार ने इन नौ वर्षों में देश में कई निर्णय ले रहे है। संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को मंडल अध्यक्ष पूर्ण रूप से सही समय पर कार्य करे। जिस मण्डल का प्रभारी है वह मण्डल प्रभारी उस मण्डल की बैठक में जावे कई बार मण्डल प्रभारी मंडलों में प्रवास नही करते। आगामी 18 जून को उदयपुर में डिलिस्टिंग कार्यक्रम हो रहा है वहाँ सभी को उपस्थित होना है।

इस अवसर पर झाडोल विधायक बाबुलाल खराडी ने कहां कि हम पद पर बैठने के बाद मूल कार्यकर्ता को भूल जाते है, ओर इर्दगिर्द घूमने वालो, चमचागिरी करने वालो के चाल में फंस जाते है और हमे अभिमान हो जाता है ओर आने वाले समय मे पार्टी को भी नुकसान होता है। गहलोत सरकार के राहत शिविरों में भी आमजन परेशान हो रहा है। जिला संगठन प्रभारी कमलेश पुरोहित ने जिले में संगठन में कार्य चल रहे कि जानकारी ली।

सार-समाचार

शिविर का अवलोकन किया

भीम, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा आयोजित महंगाई राहत एवं प्रशासन गांवों के संग शिविर गुरुवार को बालातों की गुहार ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी उमेदसिंह राजावत तहसीलदार पारसमल बुनकर विकास अधिकारी कैलाश राम पंचारिया मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार सैनी अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अमरसिंह सहायक अभियंता डालवेन्दर सिंह आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुख्तियार सिंह आदि प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित शिविर का विधायक सुदर्शनसिंह रावत ने अवलोकन किया।अवलोकन के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक सुदर्शनसिंह रावत ने कहा कि महंगाई राहत शिविर आम आदमी के लिए वरदान साबित होंगे। विधायक रावत ने इस दौरान प्रदेश की गहलोत सरकार द्वारा चलाए जा रहे महंगाई राहत से जुड़े मुख्यमंत्री गारण्टी कार्डो का वितरण किया। शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति ऊर्जा विभाग कृषि बिभाग पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़े दस सेवाओं सम्बन्धी लाभार्थियों को कार्ड बांटे। विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की योजनाओं से आमजन को राहत मिलेगी। किशोर कुमार चंदेल ने सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा ठाम पंचायत में किए गए ठामीण विकास कार्य से अवगत कराया। महंगाई राहत स्थाई कैंप का कांठोस जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल नागर, ब्लॉक प्रवक्ता धनालाल सेन उप सरपंच रमेश सिंह वार्ड पंच चतरसिंह लक्ष्मणसिंह प्रिंस किशोर कुमार चंदेल निरंजन सिंह कुलदीप सिंह लाल सिंह जसवंत सिंहआदि कार्यकर्ताओं ने सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

सांसद कटारा ने प्रतिभाओं को नवाजा

बांसवाड़ा, (निसं)। सांसद कनकमल कटारा ने अंकुर सीनियर सैकण्डरी स्कूल में प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने वाली प्रतिभाओं को प्रधानमंत्री के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण-पत्र देकर नवाजा। कटारा ने कहा कि परीक्षा में चर्चा कार्यऋम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश की भावी पीढी को नई दिशा और आत्मविश्वास से भरपूर करना चाहते हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के भाव जागृत करती है वहीं समय की रफ्तार से जोडे रखती है। उन्होंने आयोजक विद्यालय अंकुर सीनियर सैकण्डरी स्कूल के प्रबंधकों के सहयोग की भी प्रशंसा की। संस्था प्रधान डॉ. रक्षा सराफ ने बताया कि कक्षा 9 से 12 के 5० विद्यार्थियों ने इस कार्यऋम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों को निरंतर राष्टकृकृीय व अंतर्राष्टकृीय गतिविधियों में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित करता है जिससे विद्यार्थियों का मनोबल बढने के साथ ही रुचि आधारित क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के लिये प्रोत्साहन मिलता है। 21वी सदी में आवश्यक है कि बच्चे नई शिक्षण नीति के अनुरुप शिक्षा अर्जित कर पाठ्यऋम के साथ अन्य गतिविधियों में भी अग्रणी रहे। प्रारंभ में संस्था सचिव शैलेन्द्र सराफ ने सांसद कटारा का स्वागत किया। संचालन विद्यालय के प्रवीण सिन्हा व अर्चना मेसी ने किया। इस अवसर पर संस्था के एनोश वाटसन, कल्पेश नागर, अन्य शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

गाड़ियों पर किया पथराव

डूंगरपुर, (निसं)। दोवडा थाना क्षेत्र में रात के समय बदमाशों का आतंक बढता जा रहा है। खेडा से दोवडा रोड पर बदमाश गाडियों पर पथराव कर रहे हैं। पिछले 2 दिन में बदमाशों ने पथराव कर 4 गाडियों के शीशे तोड दिए। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन गाडियों को नुकसान पहुंचा है। दोवडा थाना क्षेत्र के पगारा मोड और रणसागर के पास पथराव की घटनाएं हुई है। गाडी मालिकों ने दोवडा थाने में रिपोर्ट दी है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। करियाणा निवासी तुलसीराम पुत्र कमलाशंकर उपाध्याय ने दोवडा थाने में केस दर्ज करवाया है। तुलसीराम ने बताया कि वह अपना डंपर लेकर तलवाडा से पालनपुर गुजरात जा रहा था। रात करीब 1 बजे पगारा मोड के पास पहुंचा तो बदमाशों ने रोड के दोनों तरफ से पथराव शुरू कर दिया। अचानक पथराव से वह डर गया और तेज रफ्तार में गाडी भगा ले गया। पथराव की वजह से डंपर के आगे का कांच फूट गया। इससे कुछ देर पहले भी बदमाशों ने एक डंपर पर पथराव कर कांच तोड दिया था। प्राइवेट ट्रेवल्स के मैनेजर वल्लभराम पाटीदार ने बताया कि पथराव में उनकी बस के भी शीशे टूटे हैं। बस बांसवाडा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। अचानक पथराव से बस के साइड में ऊपर लगी कांच की 2 पट्टियां टूट गई है। वहीं रणसागर के पास भी पथराव में एक डंपर के शीशे टूट गए है।

कोतवाली व सदर थाने का किया निरीक्षण

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य जस्टिस रामचंद्रसिंह झाला ने गुरुवार को डूंगरपुर जिले के कोतवाली और सदर थाने के साथ जिला जेल का निरीक्षण किया। राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य जस्टिस रामचंद्रसिंह झाला का गुरुवार को डूंगरपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। आयोग के सदस्य झाला ने कोतवाली और सदर थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने रिकॉर्ड रूम, मालखाना, लोकअप का निरीक्षण किया। आयोग सदस्य के निरीक्षण के दौरान दोनों ही थानों के लॉकअप में कोई भी आरोपी नहीं था, जबकि अन्य दिनों में लॉकअप भरे रहते हैं। निरीक्षण के दौरान दोनों थानों में स्वीकृत नफरी के मुकाबले काफी कम नफरी मिली। इसके बाद राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य जस्टिस रामचंद्रसिंह झाला जिला कारागृह पहुंचे।

कुशलगढ़ में गांधी दर्शन कार्यक्रम को लेकर रैली निकाली

कुशलगढ़, (निसं)। गांधी चौक में गांधी दर्शन कार्यक्रम को लेकर गुरूवार को गांधी जी की प्रतिमा पर माला पहना कर गांधी संदेश अहिंसा यात्रा की रैली निकालकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कुशलगढ़ इंदिरा गांधी टाउन हॉल पहुंची जांच शिविर प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ।

शिविर को संबोधित करते हुए गांधी दर्शन के संयोजक पूर्व विधायक रमेश पंड्या ने कहा कि महात्मा गांधी बताए हुए मार्ग पर चलने का आव्रहान किया और उन्होंने कहा कि आज गांधी जी ने त्याग तपस्या कर उन्होंने अपना जीवन सादगी पूर्ण निकाला इस अवसर पर विधायक रमिला खड़िया ने कहा कि महात्मा गांधी बापू जी एक बात बड़े व्यक्ति थे और उन्होंने पूरे देश के अलावा विदेशों में भी अपना नाम रोशन कर गांधी जी ने गरीबों के हितों की बात करते थे और उन्होंने उन्होंने चरखा चलाकर इस देश में सूट से कई लोगों को जीवन यापन करने का मार्गदर्शन दिया कार्यक्रम को पीसीसी सदस्य हंसमुख सेट युवा नेता यश खबरिया युवा नेता विजय खड़िया आदि

गांधी दर्शन कार्यक्रम को पूर्व विधायक रमेश पंड्या ने संबोधित करते संबोधित किया।

ने गांधीजी के जीवन पर प्रकाश डाला और विस्तार से बताया कार्यक्रम में गांधी रैली में कुशलगढ़ खंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी और पूर्व विधायक रमेश चंद्र पंड्या कुशलगढ़ विधायक रमिला खड़िया भरत दोषी नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मेडा ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष रजनीकांत खबरिया पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जयंतीलाल कव्वालियां पूर्व विकास अधिकारी इच्छा शंकर जोशी हकीम कपड़िया पार्षद और यूथ कांठोस अध्यक्ष महेंद्र परमार पार्षद राजकुमार पंचोली पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राघव एस चरपोटा पार्षद राजकुमार पंचोली पार्षद दीपेश पंचाल सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश चंद्र सरपंच शंभू लाल कटारा लक्ष्मण धामा रामगढ़ सरपंच राकेश युवा नेता रोहित खड़िया एनएसयूआई अध्यक्ष संजय कुमार सोहन लाल कटारा सचिन सेठ कुशलगढ़ पंचायत समिति के सरपंच गांव जिला परिषद सदस्य नगर पालिका स्टाफ बुद्धि लाल शाह हरेंद्र कुमार जयेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग रैली और शिविर में उपस्थित थे।

सम्मान समारोह

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद जिला डूंगरपुर ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई सीमलवाडा में महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह, आजादी का अमृत महोत्सव 2.० के तहत वित्तीय सेवा प्रदाता भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले महिला स्वयं सहायता समूह में आशापुरा समूह पीठ का चयन जिला स्तर से किया गया। जिसमे 5 लाख बैंक ऋण एवं 240000 हजार इंद्रा महिला शक्ति योजना के तहत समूह सदस्यों को शाखा पीठ द्वारा सहायता प्रदान किया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रणी शाखा प्रबंधक जेपी मीना, मुख्य अतिथि हितेश चौबीसा, जीए डी.पी.एम राजीविका, भगवान दास शाखा प्रबंधक सीमलवाडा, नीलेश जी शाखा प्रबंधक पीठ, मोनू शर्मा जी शाखा प्रबंधक सीमलवाडा, लक्ष्मण लाल जी शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक सीमलवाडाए राजीविका जिला इसके से क्ड वित्तीय समावेशन विकास नाईक जी व सीमलवाडा क्लस्टर से जुडे 55 समूह सदस्यों की गरिमामय उपस्थित में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक परियोजना प्रबंधक शिवसागर सिंह के द्वारा किया गया। उपस्थित महिलाओं को का बीमा रिन्यूअल करवाने पर भी अवगत करवाया गया।

तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का शुभारंभ

कपासन, (निसं)। कपासन में गुरुवार को भव्य कलश और शोभायात्रा निकाल कर नानी बाई का मायरा की तीन दिवसीय कथा का कार्यक्रम शुरू किया गया। शोभायात्रा में पंजाब के भटिंडा का बैगपाइपर बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

गुरुवार सुबह श्री कल्याण राय जी मंदिर से भव्य कलश और शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ शुरू हुई। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। सबसे आगे सजे धजे घुड़सवार उनके पीछे पंजाब भटिंडा का बैगपाइपर पंजाबी बैंड चल रहा था। शोभायात्रा पीपली बाजार, गणेश चौक, लोडकीय बाजार, कुम्हार मोहल्ला, बस स्टैंड, श्री राम मार्केट, पांच बत्ती चौराहा, पुरानी उदयपुर रोड, महाराणा प्रताप चौराहा होते हुए आयोजन स्थल एसआर वाटिका पहुंचीं। जहां विधि-विधान से पूजा अर्चना कर नानी बाई का मायरा की संगीत मय कथा की शुरुआत की गई। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संत श्री दिग्विजय राम जी महाराज कथा वाचन कर रहे हैं। कथा

कलश और शोभायात्रा निकाल कर नानी बाई का मायरा की तीन दिवसीय कथा का कार्यक्रम शुरू हुआ।

का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12.30 से तक रहेगा। कस्बे के माहेश्वरी समाज के संयोजन में लावटी परिवार की ओर से नानी बाई का मायरा का तीन दिवसीय संगीतमय कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसका शुभारंभ कलश और शोभायात्रा के साथ किया गया।युवक-युवतियां नाचते गाते चल रहे थे। छोटे बच्चे-बच्चियां हाथों में केसरिया झंडा लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में श्री कल्याण राय जी मंदिर और श्री चारभुजा नाथ मंदिर से ठाकुर जी के बेवाण शामिल होकर चल रहे थे। दो रथों में संत और उनके पीछे झांकियां चल रही थी। चौराहों पर पंजाबी बैंड के कलाकारों ने बैंड की धुन पर तिरंगा लहराते हुए कई करतब भी दिखाए। जो आकर्षण का केंद्र रहा।